प्रेस प्रकाशनी PRESS RELEASE

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA

वेबसाइट : www.rbi.org.in/hindi
Website : www.rbi.org.in
ई-मेल/email : helpdoc@rbi.org.in

संचार विभाग, केंद्रीय कार्यालय, एस.बी.एस. मार्ग, फोर्ट, मुंबई - 400 001
Department of Communication, Central Office, S.B.S. Marg, Fort, Mumbai - 400 001
फोन/Phone: 022 - 2266 0502

आज़ादी का अमृत महोत्सव

17 जून 2022

सॉवरेन स्वर्ण बॉण्ड योजना 2022-23 शृंखला I - निर्गम मूल्य

भारत सरकार की अधिसूचना एफ सं.4(6)-बी(डब्ल्यूएंडएम)/2022 और भारतीय रिज़र्व बैंक की दिनांक 16 जून 2022 की प्रेस प्रकाशनी के अनुसार, सॉवरेन स्वर्ण बॉन्ड योजना 2022-23 – शृंखला I अभिदान के लिए 20-24 जून 2022 के दौरान खुली रहेगी। बॉण्ड का सांकेतिक मूल्य अभिदान की अवधि के पहले के सप्ताह के पिछले तीन कारोबारी दिवसों अर्थात् 15 जून, 16 जून और 17 जून 2022 के 999 शुद्धता वाले सोने के बंद भाव [इंडियन बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन लिमिटेड (आईबीजेए) द्वारा प्रकाशित] के साधारण औसत के आधार पर तय किया गया है, जो सोने का ₹5,091/- (पाँच हजार इक्यानबे रुपये मात्र) प्रति ग्राम है।

भारत सरकार ने भारतीय रिज़र्व बैंक के परामर्श से उन निवेशकों के लिए सांकेतिक मूल्य पर प्रति ग्राम ₹50/- की छूट देने का निर्णय लिया है जो इसका आवेदन ऑनलाइन तथा आवेदन के एवज में भुगतान डिजिटल माध्यम से करेंगे। ऐसे निवेशकों के लिए स्वर्ण बॉण्ड का निर्गम मूल्य सोने का ₹5,041/- (पाँच हजार इकतालीस रूपये मात्र) प्रति ग्राम होगा।

(योगेश दयाल)

प्रेस प्रकाशनी: 2022-2023/389 मुख्य महाप्रबंधक